# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन संख्या – सामान्य/पीईआर/नियुक्ति/2023/1203 | | दिनांकः 08–02–2023 |
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि – | 08–02–2023 | |
| ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ तिथि | 13–02–2023 | |
| ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि | 15–03–2023 | |

कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर (Non-Teaching) पदों पर भर्ती के लिए सुसंगत योग्यता/कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, नैनीताल एवं डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल/भीमताल में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। पात्र और इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वैबसाईट पर दिनांकः 15 मार्च, 2023 तक ऑनलाईन आवेदन भर सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | रिक्त पदों की संख्या, पदनाम, श्रेणी, वेतनमान, शैक्षिक योग्यता एवं परीक्षा सम्बन्धी विवरण हेतु परिशिष्ट–1 देखें। | |
| 2 | राष्ट्रीयता – | वह भारत का नागरिक हो। |
| 3 | चरित्र – | भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र सरकारी सेवा हेतु सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लिया जायेगा। अभ्यर्थी को यथास्थिति उस विश्वविद्यालय या महाविद्यालय या स्कूल के, जिसमें उसने अन्तिम बार शिक्षा प्राप्त की थी, प्रधान अधिकारी और दो प्रतिष्ठित जिम्मेदार व्यक्तियों से जो अभ्यर्थी के नातेदार न हों, मगर उसके निजी जीवन से सुपरिचित हों, को उत्तम चरित्र का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>टिप्पणी – भारत सरकार या राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या केन्द्रीय अथवा किसी राज्य सरकार के स्वामित्व या नियन्त्रित संस्थान से बर्खास्त अभ्यर्थी संस्थान में चयन के लिये अनर्ह होंगे। ऐसे व्यक्ति भी अयोग्य होंगे, जो ऐसे अपराध में दोष सिद्ध हुए हों, जिसमें नैतिक अद्यमता सम्मिलित है। |
| 4 | शारीरिक स्वस्थ्यता – | किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय सेवाओं में नियुक्त नहीं किया जायेगा, यदि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है, जिसके कारण उसे अपने कर्त्तव्यों को दक्षतापूर्वक निर्वहन करने में हस्तक्षेप की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–एक भाग–दो के अध्याय – तीन में समाविष्ट मूल नियम–10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थ्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। |
| 5 | वैवाहिक प्रास्थिति – | विश्वविद्यालय में भर्ती के लिये ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र नहीं होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक जीवित पत्नी हो। |
| 6 | आरक्षण – | उत्तराखण्ड शासन के वर्तमान में प्रभावी आरक्षण लागू होगें। |
| 7 | आयु सीमा – | (1) आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित हैं। सेवा में किसी भी पद पर भर्ती हेतु दिनांक 01 जनवरी, 2023 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम आयु 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>(2) अधिकतम आयु सीमा में छूट : (क) शा0सं0–1399/XXX(2)/2005 दिनांक 21 मई 2005 के अनुसार उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।<br>(3) उत्तराखण्ड के शारीरिक रूप से विकलांग/निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 10 वर्ष तथा उत्तराखण्ड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित अभ्यर्थियों के लिए उच्चतम् आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। (शा0सं0–1244/XXX(2)/2005 दिनांक 21 मई 2005) |
| 8 | निवास अर्हता हेतु | उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन करने के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होगा, जिसने अपनी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अथवा इनके समकक्ष स्तर की शिक्षा उत्तराखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त की हो, परन्तु यह कि सैनिक/अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत तथा राज्य सरकार अथवा उसके अधीन स्थापित किसी राजकीय/अद्धशासकीय संस्था में नियमित पदों पर नियमित रूप से नियुक्त कार्मिकों एवं केन्द्र सरकार अथवा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में नियमित पदों पर नियमित रूप से उत्तराखण्ड में कार्यरत ऐसे कर्मी, जिनकी सेवाऐं उत्तराखण्ड से बाहर स्थानांतरित नहीं हो सकती हों, स्वयं अथवा उनके पति/पत्नी जैसी भी स्थिति हो, तथा उनके पुत्र/पुत्र राज्याधीन सेवाओं में समूह 'ग' के सीधी भती के पदों पर चयन हेतु आवेदन के पात्र होंगे। राज्य के स्थायी निवासी जो उत्तराखण्ड के बाहर निवासरत हैं, के स्वयं अथवा उनके पति/पत्नी, जैसी भी स्थिति हों तथा उनके पुत्र/पुत्री भी समूह 'ग' के सीधी भती के पदों पर आवेदन हेतु पत्र होंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | **शुल्क –** | सामान्य श्रेणी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू0 500.00, अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु रू0 300.00 शुल्क ऑन लाईन माध्यम से देय होगा। **प्रत्येक पद के लिए शुल्क पृथक–पृथक लिया जायेगा।** प्राप्त शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। |

**10. आवेदन पत्र भरने हेतु अनुदेश –**

1. अभ्यर्थी विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हों कि वे पात्रता सम्बन्धी सभी शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने मात्र से यह नहीं माना जायेगा कि अभ्यर्थी आवश्यक निर्धारित अर्हता प्राप्त करते हैं। कोई सूचना अंकित न करने पर उसके उपरान्त लाभ देय नहीं होगा तथा सुस्पष्ट आवेदन न करने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।
2. किसी भी आरक्षित श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थी, यदि वे आरक्षण का लाभ चाहते हैं, तो आवेदन–पत्र के सम्बन्धित स्तम्भ में अपनी श्रेणी/श्रेणियों/उपश्रेणियों (एक या एक से अधिक जो भी हो) को अवश्य अंकित करें, अन्यथा वे अनारक्षित (सामान्य) अभ्यर्थी समझे जायेंगे और उन्हें आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा।
3. आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिये जाने के उपरान्त अर्हता, आरक्षण श्रेणी/उपश्रेणी व आयु आदि में किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**11. सभी अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश –**

1. किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों को जिनकी प्रमाण–पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, ऐसे तथ्य देने पर उसके विरुद्ध आपराधिक दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।
2. एक से अधिक पद पर आवेदन करने हेतु प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा।
3. परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। उम्मीदवार को मात्र प्रवेश पत्र जारी किये जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दी गयी है। यदि भविष्य में किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था, उसका अभ्यर्थन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा और यदि वह अन्तिम रूप से चुन लिया जाता है तो भी चयन की संस्तुति वापस ले ली जाएगी और उसका किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
4. आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार्य किये जायेंगे। आवेदन पत्र को भरने से पहले अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ संलग्न निर्देशों को अवश्य पढ़ें। अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन पत्र में अंकित किये गये विवरण यथा शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आरक्षित श्रेणी आदि के लिए प्रमाण पत्र/अंक पत्र संलग्न नहीं किये जाने हैं। अभ्यर्थी के द्वारा अंकित सूचनाओं पर ही उनको अर्ह माना जायेगा। परीक्षा परिणाम निकलने उपरान्त योग्यता सूची में आने वाले अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जॉच हेतु बुलाया जायेगा व मूल प्रमाण पत्र के सत्यापन के उपरान्त ही अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी। आवेदन पत्र में वांछित अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य (श्रेणी/उप–श्रेणी इत्यादि) प्रमाण पत्र का अंकन आवश्यक रूप से करें। अभ्यर्थी स्पष्ट रूप से विज्ञापन पढ़कर आवेदन पत्र में सही सूचना ही भरें। गलत एवं अस्पष्ट सूचना भरने पर अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा एवं गलत सूचना देने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा एवं उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा सकती है।
5. आवेदन पत्र में दर्शाये गए विवरण में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।
6. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपने ऑन लाइन आवेदन पत्र, उपस्थिति सूची तथा विश्वविद्यालय के साथ समस्त पत्र व्यवहार में सभी स्थानों पर उनके द्वारा किए गए हस्ताक्षर एक जैसे होने चाहिए और उनमें किसी भी प्रकार की भिन्नता नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर किए गए हस्ताक्षरों में यदि कोई भिन्नता पायी जाती है तो विश्वविद्यालय उसके अभ्यर्थन को रद्द कर सकता है।
7. हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।
8. अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर हेतु कैलकुलेटर का प्रयोग अनुमन्य नहीं है। परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी द्वारा मोबाईल फोन, पेजर्स अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार यंत्र के प्रयोग की अनुमति नहीं है। यदि वे इन अनुदेशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाते हैं तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा तथा उन पर भविष्य में आयोजित की जानेवाली सभी परीक्षाओं में बैठने पर रोक सहित अन्य कार्यवाही की जा सकती है। अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर मोबाईल

फोन/पेजर्स सहित किसी प्रकार की प्रतिबन्धित सामग्री न लायें।

9. कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अन्य अभ्यर्थी की उत्तरपुस्तिका से न तो नकल करेगा, न ही अपनी उत्तरपुस्तिका से नकल करवायेगा, न ही किसी अन्य तरह की अनुचित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा, न ही सहायता प्राप्त करेगा।

10. **परीक्षा भवन में आचरण :** कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करे तथा परीक्षा हाल में अव्यवस्था न फैलाये तथा परीक्षा के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा तैनात स्टॉफ को परेशान न करे। ऐसे किसी भी दुराचरण के लिए कठोर दण्ड दिया जाएगा एवं उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

11. **कदाचार के दोषी पाये गये अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्यवाही :** अभ्यर्थियों को यह चेतावनी दी जाती है कि आवेदन पत्र भरते समय न तो कोई असत्य विवरण प्रस्तुत करें और न ही किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाएं। उन्हें यह भी चेतावनी दी जाती है कि वे अपने द्वारा प्रस्तुत किसी प्रलेख या उसकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रति को किसी प्रविष्टि में कोई शोधन या परिवर्तन या अन्यथा फेर बदल नहीं करें तथा न ही वे फेर बदल किया गया जाली प्रलेख प्रस्तुत करें। यदि दो या दो से अधिक दस्तावेजों के बीच अथवा उनकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतियों में कोई असंगति या विसंगति हो तो इस विसंगति के बारे में अभ्यर्थी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहिए ।

12. अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे पूर्णतया यह संतुष्ट हो जाने के पश्चात् कि वे विज्ञापन/परीक्षा की सभी शर्तों को पूरा करते हैं, आवेदन करें और परीक्षा में बैठे।

13. नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व नियमों में अपेक्षित स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा । यह कार्यवाही नियुक्ति से पूर्व सम्बन्धित नियुक्ति अधिकारी/प्राधिकारी द्वारा पृथक से की जाएगी।

14. परीक्षा की तिथि, समय तथा परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में सूचना विश्वविद्यालय वैबसाईट पर दी जायेगी। अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी। प्रवेश पत्र ऑनलाईन ही निर्गत किये जायेंगे। अभ्यर्थियों को आवंटित केन्द्र पर ही परीक्षा देनी होगी । **अन्तिम चयन तक प्रवेश–पत्र को सुरक्षित रखें एवं मांगने पर प्रस्तुत करें।**

15. उम्मीदवार को मात्र प्रवेश पत्र जारी किये जाने का अर्थ यह नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दी गई है। उम्मीदवार द्वारा अन्तिम चयन सूची में अर्हता प्राप्त करने के बाद ही नियुक्ति अधिकारी/विश्वविद्यालय मूल प्रमाण पत्र के सन्दर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन कराता है। अन्तिम चयन के उपरान्त भी यदि अभ्यर्थी किसी भी स्तर पर अपात्र पाया जाता है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

16. अभ्यर्थी अपने भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट अपने पास सुरक्षित रखें। आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तुत किया जाना होगा।

17. अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु समय–समय पर विश्वविद्यालय वैबसाईट का अवलोकन करते रहें। परीक्षा एवं अन्य विवरण की जानकारी विश्वविद्यालय वैबसाईट के माध्यम से दी जायेगी।

**12– परीक्षा का पाठ्यक्रम–** परिशिष्ट–1 के अनुसार।

**13–** सभी पदों हेतु पद के अनुरूप लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर योग्यता सूची तैयार की जायेगी।

परीक्षा सम्बन्धित पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in में उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**कुलसचिव**

परिशिष्ट-1

**शिक्षणेत्तर रिक्तियों का विवरण/अनिवार्य एवं अधिमानी शैक्षिक अर्हता का विवरण**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद/श्रेणी | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता | चयन का आधार | परीक्षा/पाठ्यक्रम सम्बन्धी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बास्केट बॉल प्रशिक्षक | 01 पद अनारक्षित | 35400–112400 (लेवल–6) | एम0ए0, बॉस्केटबॉल में एन0आई0 एस0 डिप्लोमा। अधिमानी अर्हता– डी0 पी0 एड0 डिप्लोमा धारक तथा विश्वविद्यालय/राज्य स्तर में बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का प्रमाण पत्र। | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान के 50 अंको व विषय से सम्बन्धित 50 अंकों का प्रश्नपत्र होगा।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– एन0आई0एस0 स्तर का पाठ्यक्रम (Specialised Basket Ball Theory, Logical reasoning and coaching aptitude) |
| 2 | आर्टिस्ट/ ड्राफ्टसमैन (भू–विज्ञान) | 02 पद (01 पद अनारक्षित, 01 पद अनुसूचित जाति) | 25500–81100 (लेवल–4) | हाईस्कूल उत्तीर्ण के साथ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/आई0टी0आई0 से ड्राफ्टसमैनशिप का द्विवर्षीय डिप्लोमा। | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान के 50 अंको व विषय से सम्बन्धित 50 अंकों का प्रश्नपत्र होगा।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रम– परिशिष्ट 3 |
| 3 | आंतरिक लेखा परीक्षक | 01 पद अनारक्षित | 35400–112400 (लेवल–6) | बी0कॉम0 एकाउण्टेंसी तथा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी/गैर सरकारी/अर्द्ध सरकारी/स्वायत्तशासी संस्थानों में आडिट कार्यो का 03 वर्ष का अनुभव। | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान के 50 अंको व विषय से सम्बन्धित 50 अंकों का प्रश्नपत्र होगा।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रम– परिशिष्ट 4 |
| 4 | आशुलिपिक/ वैयक्तिक सहायक | 02 पद (01 पद अनुसूचित जाति 01 पद अनारक्षित) | 29200–92300 (लेवल–5) | 1. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश/ उत्तराखण्ड की इण्टरमीडिएट परीक्षा या राज्य द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. हिन्दी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट तथा हिन्दी टंकण की कम्प्यूटर पर 4000 Key Depression प्रति घण्टे की गति सीमा होनी चाहिए। कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान।<br>अधिमानी अर्हता– अंग्रेजी आशुलिपि तथा टंकण का ज्ञान। | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की सामान्य ज्ञान की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक पद हेतु हिन्दी आशुलिपि में न्यूनत 80 शब्द प्रति मिनट और कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में न्यूनतम 400 की–डिप्रेशन प्रति घंटे की गति होनी चाहिए, जिसके लिए अधिकतम 50 अंक निर्धारित होंगे। लिखित परीक्षा की मैरिट के आधार पर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को निर्धारित न्यूनतम गति एवं लिखित परीक्षा के आधार पर अन्तिम योग्यता सूची तैयार की जायेगी।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– हिन्दी आशुलिपिक एवं टंकण परीक्षा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | तबला वादक | 02 पद (01 पद अनारक्षित, 01 पद अनुसूचित जाति) | 21700–69100 (लेवल–3) | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से संगीत (तबला) विषय में स्नातक की डिग्री अथवा समकक्ष | लिखित परीक्षा व तबला वादन परीक्षण | इस पद हेतु कुल 100 अंकों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान की वस्तुनिष्ठ परीक्षा 50 अंको की व 50 अंकों की तबला वादन परीक्षण।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रम– परिशिष्ट 5 |
| 6 | खेल सहायक | 01 पद अनुसूचित जाति | 25500–81100 (लेवल–4) | स्नातक डिग्री एवं बी0 पी0 एड0 | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान के 50 अंको व विषय से सम्बन्धित 50 अंकों का प्रश्नपत्र होगा।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– विभिन्न खेलों से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान |
| 7 | प्रयोगशाला सहायक<br><br>**ग्रेड पे–1900**<br>भूगर्भ वि0– 01<br><br>**ग्रेड पे–2000**<br>भौतिक वि0–01<br><br>भेषज वि0– 02<br><br>**ग्रेड पे–2400**<br>कम्प्यूटर– 01<br><br>मेडिसन एण्ड नैनो– 04<br><br>फॉरेंसिक– 01 | 10 पद<br><br><br>अनारक्षित<br><br><br>अनु0जाति<br><br>01 अनु0जाति, 01 अन्य पिछड़ा वर्ग<br><br><br>अनु0जाति<br><br>03 अनारक्षित, 01 अनारक्षित (म0)<br><br>अनु0जाति | <br><br><br>19900–63200 (लेवल–2)<br><br><br>21700–69100 (लेवल–3)<br><br><br><br>25500–81100 (लेवल–4) | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से सम्बन्धित विषय के साथ इन्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>**अधिमानी अर्हता –**<br>1. सम्बन्धित विषय के साथ स्नातक/ परास्नातक उपाधि<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 06 माह का कम्प्यूॅटर सर्टिफिकेट<br>**भेषज वि0 (बी0फॉर्मा0) के पद हेतु** मान्यता प्राप्त संस्थान से फार्मेसी में डिप्लोमा एवं फार्मेसी प्रयोगशाला में 02 वर्ष का अनुभव या नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट के साथ 02 वर्ष फार्मेसी प्रयोगशाला में कार्य का अनुभव।<br>**फॉरेंसिक**– सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से फॉरेंसिक साइंस में डिप्लोमा अथवा बी0एस0सी0 इन फॉरेंसिक साइंस।<br>**कम्प्यूटर**– कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातक अथवा इन्टरमीडिएट परीक्षा के साथ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान में 03 वर्ष का डिप्लोमा। | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान के 50 अंको व विषय से सम्बन्धित 50 अंकों का प्रश्नपत्र होगा।<br><br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– इण्टरमीडिएट विज्ञान विषयों से सम्बन्धित पाठ्यक्रम |
| 8 | काउण्टर असिस्टैंट | 01 पद अनुसूचित जाति | 19900–63200 (लेवल–2) | इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण, पुस्तकालय विज्ञान में सार्टिफिकेट कोर्स उत्तीर्ण तथा हिन्दी, अंग्रेजी टंकण का ज्ञान।<br>या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक तथा हिन्दी, अंग्रेजी टंकण का ज्ञान। | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान के 50 अंको व विषय से सम्बन्धित 50 अंकों का प्रश्नपत्र होगा।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रम– परिशिष्ट 6 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर | 01 पद अनारक्षित | 29200–92300 (लेवल–5) | **Education Qualification-** BCA/ B.Sc. (CS)/ B.Sc. (IT)/ BE/B.Tech(CSE)/ BE/B.Tech (IT) **अधिमानी अर्हता**– सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव। | लिखित परीक्षा | इस पद हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान के 50 अंको व विषय से सम्बन्धित 50 अंकों का प्रश्नपत्र होगा।<br>1– सामान्य ज्ञान हेतु– परिशिष्ट 2<br>2– विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रम– परिशिष्ट 6 |

वेतनमान समय–समय पर शासनादेशों के अनुरूप संशोधनान्तर्गत आच्छादित हैं।

उपर्युक्त रिक्त पदों में से सेन्टर फॉर एक्सीलेंस इन हिमालयन मेडीसिनल प्लांट्स एण्ड नैनो टैक्नोलॉजी– प्रयोगशाला सहायक 04 पद, फारेन्सिक विज्ञान– प्रयोगशाला सहायक–01 पद, कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग– प्रयोगशाला सहायक–01 पद एवं सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर–01 पद शासन से निरन्तरता आधारित पद हैं। शासन से निरन्तरता प्राप्त होने पर चलते रहने की संभावना है। निरन्तरता प्राप्त न होने की स्थिति में पद समाप्त हो जायेंगे एवं अभ्यर्थी/पद धारक की सेवा समाप्त हो जायेगी।

नोट– विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापन संख्या सामान्य/पीईआर/ नियुक्ति/2016/2153, दिनांक 20.02.2016 कार्मिक/पीईआर/1617/2016, दिनांक 22/23.12.2016 तथा सामान्य/पीईआर/नियुक्ति/2017–18/ 1961, दिनांक 06/09.02.2018 एवं सामान्य/पीईआर/ नियुक्ति/1270 दिनांक 07.09.2019 के माध्यम से पूर्व में शिक्षणेत्तर रिक्त पदों का विज्ञापन किया गया था। एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा के एस0एस0जे0 विश्वविद्यालय में विलय के उपरांत कुमाऊँ विश्वविद्यालय में पदों की स्थिति, आरक्षण इत्यादि में परिवर्तन होने के कारण पूर्व में किये गये रिक्त पदों की समस्त विज्ञप्ति को निरस्त कर दिया गया है। वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में प्रभावी आरक्षण नियमों के आलोक में इस विज्ञापन के द्वारा पदों को अद्यतित एवं परिवर्तित किया गया है।